## मेष



**01 से 06 जनवरी तक-** इस सप्ताह चलते **वाहन में खराबी** होने से समय और धन दोनों खर्च होगा। स्वास्थ्य तो सही रहेगा, पर सावधानी बनायें रखें, प्रमोशन हो सकता है, यदि आपके द्वारा सही दिशा में प्रयास निरन्तर जारी रहें तो, आर्थिक क्षेत्र में सुधार लाने में आप सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में परिस्थितयां प्रतिकूल रहेगी। **बजरंग बाण** का पाठ आपके लिये श्रेष्ठ होगा।

**07 से 13 जनवरी तक-** काम बेहतर चलेगा, नये कार्य प्रारम्भ होंगे। अध्ययनरत बच्चों के लिये **ज्ञान** प्राप्ति का समय है। परीक्षा की तैयारी अच्छी रहेगी एवं सहयोग भी प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगे। जीवन साथी से सुख प्राप्त होगा। शरीर में **पीड़ा** एवं **चोट** का भय है, वाहन प्रयोग में सावधानी रखे **तनाव, आलस्य की अधिकता, पित्त** एवं **व्यय** की अधिकता रहेगी।

**14 से 20 जनवरी तक-**आर्थिक क्षेत्र में किये गये प्रयास आशातीत फल प्रदान करेंगे। किसी ऐसे व्यक्ति से भेंट हो सकती है, जो आपके लिये काफी महत्त्वपूर्ण साबित होगा। समय सावधानी रखने योग्य है। अपने जीवन स्तर में **सुधार** लाने के लिये **आय** से अधिक खर्च करेंगे, जिससे बजट गड़बड़ायेगा।

**21 से 31 जनवरी तक-** यह सप्ताह **मिश्रित फलकारी** समय है। कामकाज में नये-नये प्रयोग आप अमल में लायेंगे। आपके लाभ में वृद्धि होगी। **प्रतियोगिता परीक्षाओं** की तैयारी करने वाले बच्चो की तैयारी सुचारू रूप से चलती रहेगी। आप **ज्ञान शक्ति वाक सरस्वती दीक्षा** ग्रहण करें आपको निश्चित रूप से सुफल की प्राप्ति होगी। **न्यौछावर ₹2100**

**शुभ तिथियां** 14,19,23,24

## वृष



**01 से 06 जनवरी तक-** इस सप्ताह प्रगति के जबरदस्त योग है, योजनायें सफल होंगी, संपति से लाभ प्राप्त होगा। कोर्ट कचहरी के कार्यो में स्थितियां दृढ़ एवं मजबूत होगी। गृहणियां आदर्शवान एवं दक्ष साबित होगी। युवा वर्ग बहुत ही अधिक सूझ-बूझ से **कार्य, क्रोध** पर पूरी तरह नियंत्रण करें, अन्यथा भीषण फसाद हो सकता है, बेहतर होगा युवा वर्ग **शापोद्धार काल ज्ञान शिव शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें परिस्थितियां आपके अनुकुल होंगी। **न्यौछावर ₹2400**

**07 से 13 जनवरी तक-** समय बढ़िया है। व्यावसायिक यात्रा से लाभ की प्राप्ति होगी। वर्तमान नौकरी, व्यवसाय आदि में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। लेकिन उन्हें प्राप्त करने के लिये व्यवस्थित ढंग से काम करना पड़ेगा। आपका अपने आपको वातावरण के अनुरूप परिवर्तित करना **लाभदायक** होगा।

**14 से 20 जनवरी तक-** ज्ञानवर्द्धक सामान्य दिवस रहेगा। अनिद्रा की समस्या रहेगी। नौकरी में अधिकारी सहयोग करेंगे। **अनजान** लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें, अपना कार्य स्वयं के बलबूते पर पूर्ण करने का प्रयास करें। अपनी **भावनाओं** व **गुस्से** पर नियंत्रण रखें, अन्यथा आपके लिये बहुत अधिक नुकसानदायक साबित होगा।

**21 से 31 जनवरी तक-** आपके अपने लोग ही आपके लिये **घातक** हो सकते है, कार्यो में **बाधायें** आयेंगी, रूके हुये काम पूरी तरह **बाधित** हो सकते है, भवन सम्बन्धी कार्य बीच में ही अटक जायेंगे। आप **महाकाल माला** धारण करें, जिससे आपके शत्रु पक्ष निस्तेज होंगे और जीवन में आ रही **बाधाओं का निस्तारण** हो सकेगा। **न्यौछावर ₹900**

**शुभ तिथियां** 11,13,18,21,

## मिथुन




**01 से 06 जनवरी तक-**नये साल का प्रारम्भ अच्छा रहेगा। सरकारी क्षेत्र में फंसे कार्य गति पकड़ेगे। रिश्तेदारों व सम्बन्धियों से सहयोग मिलेगा। समाज कल्याण व परोपकार से सम्बन्धित कार्यो में रूचि रहेगी। धार्मिक व आध्यात्मिक उन्नति में प्रयासरत रहेंगे। इस सप्ताह आप परिवार के सदस्यों के साथ बाहर जा सकते है। आप में सहनशीलता का भाव रहेगा।

**07 से 13 जनवरी तक-**सरकारी कामकाज गति पकड़ेंगे। कुछ घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वाह कर आप घरवालों की शिकायत समाप्त करने में सफल होंगे। इस समय आपके पास प्रचुर मात्रा में धन की उपलब्धता होगी, उसका सही उपयोग ही बुद्धिमानी का परिचय है।

**14 से 20 जनवरी तक-** पति-पत्नी में आपसी **प्रेम** व **सहयोग** बनेगा। एक-दूसरे के **प्रतिद्वन्द्वी** बनने की आवश्यकता नही है। घर व दफ्तर के कार्यो में आप उलझ कर रह जायेंगे। किसी रिश्तेदार या मित्र से सम्बन्धित कोई अप्रिय या अशुभ समाचार मिल सकता है। आपकी मेहनत व परिश्रम तो सार्थक रहेगी। परन्तु आकस्मिक खर्च से आप पीड़ित होंगे। **ललिताम्बा साधना** सम्पन्न करें, सुस्थितियां निर्मित होंगी। **न्यौछावर ₹900**

**21 से 31 जनवरी तक-**समय अति **कष्टकारी** रहेगा। भाइयों के मध्य बोलचाल या विवाद गहरायेगा। सास-बहु में अनबन हो सकती है। कारोबार या घरेलू मद्दों में आप कोई गलत निर्णय ले सकते है। मध्य में बिगड़ते कामों में सुधार की संभावना है, इस समय कुछ लोग आपकी मदद और कुछ लोग आपकी परेशानी का कारण बनेंगे। संयम बनाये रखे, उलझे नहीं।

**शुभ तिथियां** 16,18,22,31



## कर्क

**01 से 06 जनवरी तक**-वर्ष की शुरूआत सही नहीं है। स्वास्थ्य सम्बन्धित **समस्याओं** का सामना करना पड़ेगा। बनते कार्य में रूकावट की स्थिति रहेगी। आपके मन की इच्छा पूरी नहीं होने से मूड खराब रहेगा। **ऋण** के बोझ से मन व्यथित रहेगा। आर्थिक स्थिति आपको और अधिक कमजोर बनायेगी। जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिये बहुत संघर्ष के बावजूद संतोषजनक परिणाम नहीं मिलेगा, आपके लिये बहेतर होगा, आप **महाशिवरात्रि इच्छित कामना सिद्धि प्रयोग दीक्षा** ग्रहण करे। जिससे आर्थिक स्थिति में सुदृढ़ता आयेगी।

**न्यौछावर ₹3100**

**07 से 13 जनवरी तक**-संघर्ष के पश्चात् **नवीन कार्य** सम्पन्न होने की संभावना है। साक्षात्कार, मीटिंग्स, सम्मेलन में व्यस्तता रहेगी। ख्याली पुलावों पर दृढ़ता से रोक लगाये। आप स्वयं के अधिकारो को सुरक्षित रखने में **नाकामयाब** हो सकते है। इस समय वाद-विवाद से बचें। मध्य काल में समय ठीक नहीं है। कही से कोई **अशुभ समाचार** मिलेंगे। विद्यार्थी वर्ग **ज्ञानार्जन** में व्यस्त रहेंगे।

**14 से 20 जनवरी तक**- आय बढ़ने तथा जीवन के प्रति बेहतर दृष्टिकोण के साथ **पारिवारिक जीवन** में प्रसन्नता बरसेगी। आप हर अवसर भुनाने की ताक में रहेंगे। मुश्किल हालात का भी पूरे **धैर्य** से सामना करते हुये उससे उबरने में कामयाब होने के लिये **ईश्वरीय चेतना** का सहारा लेना इस समय आपके लिये उपयुक्त रहेगा।

**21 से 31 जनवरी तक**-आप लम्बित पड़े कार्यो को तेजी से निपटायेंगे। आप जो कुछ भी करेंगे, उसमें आसानी से आगे बढ़ेंगे। समय लाभकारी रहेगा। **भौतिक** तथा **भावनात्मक** स्तर पर आपके जीवन में कुछ बड़े और महत्त्वपूर्ण बदलाव होगे।

**शुभ तिथियां 02,21,26,29**



## सिंह

**01 से 06 जनवरी तक**-आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। समाज में आपकी **इज्जत** बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे तथा सरकारी कामकाज आसानी से निपटेंगे, नये मकान पर निवेश कर सकते है। अच्छा योग है, मध्य में थोड़ा चिंताकारी समय है। मन विचलित रहेगा। आय में कमी के साथ चिंता बढ़ेगी।

**07 से 13 जनवरी तक**- जीवन साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। मित्रों की सहायता से अध्ययन संबंधी कार्य आसानी से बन जायेंगे। **आकस्मिक लाभ** की प्राप्ति होगी। समय मानसिक, संतोषकारी रहेगा। आपको पुरानी चली आ रही बीमारी से छुटकारा प्राप्त करने हेतु **नवोदय गुरू आद्या शक्ति दीक्षा** ग्रहण करनी चाहिये, जिससे रोग से शीघ्रता से निजात पा सकेंगे। **न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 जनवरी तक**- आप अपने परिवार के सदस्यों के व्यवहार के कारण बहुत अधिक **परेशानी** अनुभव करेंगे। यह वह समय है, जब आपको अपने और पराये में भेद महसूस होगा। पेट संबंधी शिकायत हो सकती है, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जातको को और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई तथा तैयारी पर लगाना उपयुक्त होगा।

**21 से 31 जनवरी तक**-विद्यार्थियों के लिये उपयुक्त समय है। परिवार के लोगों के साथ बेहतर संवाद कायम करें, जिससे आपको **नया कार्य** प्रारम्भ करने में **सफलता** मिलेगी, सभी कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सके इस हेतु शनिवार को **ऊँ भ्रं भैरवाय नमः मंत्र** का जप करें, साथ ही **भैरव गुटिका** को किसी भैरव मंदिर या भैरव स्थान पर अर्पित कर दें, जिससे **बाधाओं, अवरोधो** का निवारण होगा।

**शुभ तिथियां 09,14,16,21**



## कन्या

**01 से 06 जनवरी तक**- वर्ष का आरम्भ सही रहेगा। आप में दूसरों को **आकर्षित** करने की कमाल की शक्ति होगी। तनाव से बचें, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और अपनी **आय के स्त्रोतों** पर भी नजर रखें। अपने दुकान या कार्यालय में कार्यरत कमर्चारी पर पैनी नजर रखें अन्यथा वे आपको नुकसान पहुँचा सकते हैं। प्रतिस्पर्धा परीक्षा में **सफलता** के योग बन रहे है। आप अपने भावी लक्ष्य की प्राप्ति के लिये **ज्ञान शक्ति वाक् सरस्वती दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹2100**

**07 से 13 जनवरी तक**- सामान्य समय है। मिश्रित फलों की प्राप्ति होगी। पडोसियों से सम्बन्धों में **मधुरता** आयेगी। काम में कोई खास तरक्की नहीं होगी। किन्तु आप भावी कामकाज की रूपरेखा जरूर तैयार करेंगे। नई परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालेंगे व अपनी कार्य क्षमता दोगुनी करने का प्रयास करेंगे। रूपयों-पैसो की आवक बढ़ेगी। मध्य में समय थोड़ा विपरीत है। अपना रूख नरम रखें तथा **अनावश्यक** नोंक झोंक, विवाद तथा मुठभेड़ से दूर रहे। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**14 से 20 जनवरी तक**- आपको कुछ बड़े फैसले लेने में गम्भीरता दिखानी होगी, क्योंकि इससे आपका जीवन पूरी तरह बदल सकता है। मानसिक रूप से स्वयं को चिंता मुक्त महसूस करेगे। **भौतिक** और **आर्थिक** रूप से आप सम्पन्न होंगे। आप लक्ष्य प्राप्ति के बहुत करीब होंगे। रूके हुये कार्य आपके इस समय जल्दी होंगे।

**21 से 31 जनवरी तक**-प्रतिस्पर्द्धा में आपकी जीत होगी। कैरियर से जुड़े जातकों के लिये यह समय सुखद रहेगा। आपको मनचाही कामयाबी मिल सकती है। **विवाह योग्य जातकों** के **विवाह योग** भी प्रबल हैं।

**शुभ तिथियां 04,09,11,15**

## तुला



**01 से 06 जनवरी तक-** वर्ष का प्रारम्भ शानदार रहेगा। आपको कहीं से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आप अपने परिवार को हर **संकट** व **परेशानी** से सुरक्षित रखने का पूरा प्रयास करेंगे। **आय** बढ़ाने के लिये आप प्रयासरत रहेंगे। अविवाहितों के विवाह के प्रस्ताव आयेंगे। सप्ताह के अन्त में **धन हानि** के प्रबल **योग** बन रहे है। व्यापार में सोच समझकर निवेश करें।

**07 से 13 जनवरी तक-** प्रोफेशनल स्तर पर आपको इच्छित फल प्राप्त होंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को रोक कर रखें, समय अनकूल होने पर कार्य सिद्धि स्वतः हो जायेगी। प्रेम सम्बन्धों में अवरोध आयेंगे। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। सभी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये अपार सफलता का दौर रहेगा।

**14 से 20 जनवरी तक-** आप अपनी **प्रतिभा, योग्यता** और **क्षमता** का भरपूर इस्तेमाल कर सफलता अर्जित कर सकेंगे। जिससे कामकाज में व्यस्तता के साथ-साथ दबाव भी रहेगा। **आर्थिक पक्ष** काफी मजबूत बन सकेगा, बुद्धिमत्ता व सूझ-बूझ से कुछ ऐसे निर्णय आप कर सकेंगे, जिससे लाभ में बढ़ोतरी होगी।

**21 से 31 जनवरी तक-** सप्ताह का आरंभ **घटनाओ** व **विवाद** से होगा। आर्थिक स्थिति व हालात कोई खास अच्छे नहीं रहेंगे। आपको विवादों व कहासुनी से बचना चाहिये। **कलह** का वातावरण रहेगा। कोई ऐसा काम भी हो सकता है, जिससे **बदनामी** या **कलंक** का टीका लग सकता है। आपके अपने ही आपके साथ धोखा कर सकते है। **अवरोधों** व **कष्टों** के निवारण और **सर्वमंगल** हेतु आप **पारदेश्वरी दुर्गा साधना** सम्पन्न करें।

**न्यौछावर ₹1100**

**शुभ तिथिया 02,07,13,27**

## वृश्चिक



**01 से 06 जनवरी तक-**आरम्भ कष्टप्रद हो सकता है। जीवन में **अशांति** रहेगी। पेट संबंधी तकलीफें परेशान करेगी। संतान को लेकर बहुत ज्यादा भावुक हो सकते है। कुछ समय के लिये अपनी **भावनाओं** पर नियंत्रण रखना होगा। स्थानान्तरण का योग बन रहा है, जो **लाभदायक** होगा। अपने आधुनिक दृष्टिकोण के बल पर व्यवसाय में आये **व्यवधानों** से पार हो पायेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक-** कोई आपके साथ गहरा **विश्वासघात** कर सकता है, सावधान रहे, पति-पत्नि में किसी तीसरे व्यक्ति के कारण **गलतफहमियां** बन सकती है। आप अपने जीवनसाथी पर विश्वास रखे, यदि आप नौकरी में है, तो अपनी जड़े मजबूत करें। अनुकूल समय आने पर लाभ उठाये।

**14 से 20 जनवरी तक-** रूपयो-पैसों की आवक होगी। योजनाबद्ध तरीके से कोई भी काम यदि आप करेंगे, तो उसमें आपको **सफलता** मिलेगी ही, उसमें कोई दो राय नहीं है। विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई पर ध्यान देंगे। इस समय अपने जीवन साथी से संबंधित गलतफहमियां समाप्त होगी। **प्रेमी प्रसंग** से दूर ही रहे अन्यथा आप पर **कलंक** लग सकता है।

**21 से 31 जनवरी तक-अंहकार** में आकर आप किसी को बुरा-भला कह देंगे, जिससे वह आपका **शत्रु** बन सकता है। आपके अपने लोग ही आपके साथ **विश्वासघात** कर सकते हैं। **व्यावसायिक प्रतिद्वन्द्वियों** से आपको चुनौतियां प्राप्त होंगी, मिला-जुला कर यह सप्ताह भयंकर ग्रहों से पीड़ित है, आपको विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। **कष्टो** व **बाधाओं** के निवारण हेतु **नवोदय गुरू आद्या शक्ति दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹2100**

**शुभ तिथियां 01,05,09,25**

## धनु



**01 से 06 जनवरी तक-** वर्ष का आरम्भ आपके लिये **नई खुशियां, उमंग, उल्लास** से भरा रहेगा। कुछ अच्छा व नया करने की चाह मन में रहेगी। नौकरी में **सफलता** प्राप्त होगी। कार्य स्थान पर आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोध करने वाले समर्थन प्रदान करेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक-** लोग आपको किसी के **विरूद्ध** भड़कायेंगे, परन्तु अपनी **बुद्धि** व **विवेक** का उपयोग करें। काम में की गई लापरवाही के परिणाम **घातक** हो सकते हैं। अन्त में सप्ताह **अनुकूल** है।

**14 से 20 जनवरी तक-**सरकारी कर्मचारीयों के लिये लाभकारी समय है। **मनोनुकूल कार्य** के होने की संभावना अधिक है। पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन के प्रति अत्यधिक **व्यवहारकुशल** होंगे। आपका प्रेम प्रसंग शुरू हो सकता है, **नकारात्मकता** अधिक रहेगी। किसी भी कार्य का परिणाम आपकी सोच के **प्रतिकूल** प्राप्त होगा। **चित्त की चंचलता** एवं **अति आत्मविश्वास** से बड़ी परियोजनाओं से निराश होना पड़ सकता है। **विजया एकादशी साधना** सम्पन्न करें,, **धन लाभ** के साथ आपके पक्ष में वातावरण निर्मित होगा।

**न्यौछावर ₹400**

**21 से 31 जनवरी तक-** आपने अभी तक जो भी निवेश किये है, उसमें आशातीत लाभ की स्थिति बनेगी। कार्यक्षेत्र या घरेलू कार्यो में महेनत करनी पड़ सकती है। आपकी **प्रतिभा** उभर कर सामने आयेगी, मीडिया से संबंधित, लेखक, छात्र, प्रोफेसर तथा रंगमंच से जुड़े लोगों के लिये यह **उत्तम फलदायक दिवस** है, आपको और अधिक लाभ प्राप्त होंगे। खान-पान का ध्यान रखें, अन्यथा **स्वास्थ्य समस्या** हो सकती है।

**शुभ तिथियां 02,06,08,27**



## मकर

**01 से 06 जनवरी तक-** वर्ष का आरम्भ **सुखद** व **शानदार** होगा। आश्चर्यजनक रूप से **धन लाभ** के योग है, युवा वर्ग तरक्की करेंगे, वहीं नई नौकरी के लिये किये गये प्रयासो में सफलता मिल सकती है, अपना प्रयास जारी रखे। आपके कार्य व मेहनत का पूरा-पूरा फल मिलेगा। यह समय उपलब्धियों से भरपूर होगा। आपको अपना काम निकलवाने के लिये कई हथकण्डे अपनाने पड़ सकते है।

**07 से 13 जनवरी तक-**कार्य की शुरूआत अवश्य धीमी रहेगी, किन्तु कार्य में गम्भीरता के कारण कार्य के पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी। ग्रहों की स्थितियां अधिक डावाडोल होगी, जिससे **स्वास्थ्य समस्याओं** का सामना करना पड़ सकता है।

**14 से 20 जनवरी तक-** परिश्रम और मेहनत रंग लायेगी। काम-काज में सहकर्मी व बॉस आपकी मदद करेंगे। जीवन साथी से मधुरतम सम्बन्ध स्थापित होगा, माह के अन्त में समय बहुत खराब है, किसी दुर्घटना की आशंका है। सावधानी बरतें, बच्चो को वाहन न दे।

**21 से 31 जनवरी तक-** यह सप्ताह संतान की शिक्षा, विवाह, कैरियर से सम्बन्धित कार्यो में बाधाये उत्पन्न करेगा, सामाजिक मान-सम्मान में ह्रास होगा, बेटी के ससुराल से तरह-तरह की शिकायतों से अनेक समस्याओं का जन्म होगा, संयम सावधानी से कार्य बरते, सम्बन्ध और सामाजिक रिश्ते बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करें, बेहतर होगा आप अपनी बच्चों को **ज्ञान शक्ति वाक सरस्वती दीक्षा** दिलाये, जिससे उनके जीवन में **अनुकूल स्थितियों** का निर्माण होगा और मान-सम्मान, अपनापन, आत्मिक लगाव बढेगा। **न्यौछावर ₹2100**

**शुभ तिथियां 02,18,25,26**



## कुंभ

**01 से 06 जनवरी तक-**इस सप्ताह किसी भी दस्तावेज पर बिना सोचे-समझे **हस्ताक्षर** नहीं करें। गाड़ी सावधानी पूर्वक चलायें। पैरो में चोट लग सकती है। अभी उधार देने व लेने से बचे। परिवार में गलत फहमियों के चलते **झगड़ा** हो सकता है। अपने प्रियजन का विरोध सहन करना पड़ सकता है। जीवन की गाड़ी में अचानक ब्रेक लग सकते है। आप अपने कष्टों के निवारण हेतु **नवोदय गुरू आद्या शक्ति दीक्षा** ग्रहण करे। **न्यौछावर ₹2100**

**07 से 13 जनवरी तक-**आपको महसूस होगा कि जीवन **निराशादायक** है, आप **तनाव, नकारात्मक चिंतन से ग्रस्त** हो सकते है, जिससे आप बहुत **दु:खी** हो जायेंगे। पढ़ाई करने वाले जातकों के लिये समय अति **शुभ** है। **ज्ञान** में वृद्धि होगी। आप **सकारात्मक** सोच के साथ आगे बढेंगे।

**14 से 20 जनवरी तक-**इस सप्ताह किसी सम्बन्धी या परिवार के साथ कोई **अप्रिय घटना** घटित हो सकती है। पारिवारिक चिंता रहेगी, परिवार में तनाव रहेगा। परिवार के किसी सदस्य को लेकर मन में चिंता की स्थिति बनी रहेगी। आपका अपना कोई करीबी व्यक्ति आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। जल्दबाजी में कोई निर्णय ना लें। कलह निवारण हेतु गुरूवार को सिद्धाश्रम पंचक का पांच बार पाठ करे।

**21 से 31 जनवरी तक-** पूर्व में जो परीक्षा आदि आपने दी है उसका परिणाम कुछ विशेष नहीं रहेगा। जनवरी के मध्य कोर्ट-केस व सरकारी मामलों में जीत मिल सकती है, जिससे **आत्मविश्वास** व **मनोबल** में वृद्धि होगी। शादी-विवाह या अन्य किसी समारोह में भाग ले सकते है। आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

**शुभ तिथियां 01,05,24,28**



## मीन

**01 से 06 जनवरी तक-** वर्ष का पहला सप्ताह बहुत ही **शानदार साबित** होगा। वर्ष की शुरूआत होते ही आपको धन की प्राप्ति होगी। आपके अटके कार्य पूरे होंगे। घर-परिवार में वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके कार्य की जमकर सराहना होगी। आपकी योग्यता व क्षमता खुलकर लोगों के सामने आयेगी। लोग आपके बुद्धिबल का लोहा मानेंगे।

**07 से 13 जनवरी तक-**समय मध्यम फलकारी होगा, **शुभ** व **अशुभ** दोनो ही परिणाम मिलेंगे। कैरियर सम्बन्धित **बाधाओं** का सामना करना पड़ सकता है, **कष्ट** व **रोगों** का दबाव बना रहेगा, कैरियर सम्बन्धित कार्यो में सफलता हेतु **ज्ञान शक्ति वाक् सरस्वती दीक्षा** ग्रहण करे, जिससे आपके पक्ष में वातावरण तैयार होगा और **श्रेष्ठ प्रयास** में सफलता भी अर्जित करने में सफल होगें।

**न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 जनवरी तक-**समय सामान्य है याद रखे, गिरे बिना कोई चलना नहीं सीखता, **नुकसान** व **असफलताओं** की चिंता किये बिना अपने कार्य सम्पन्न करें। **बुद्धि** व **विवेक** से लिये गये निर्णय सही साबित होंगे। परीक्षा या इंटरव्यू में असफलता मिलेगी। व्यर्थ के कामों में खुद को **उलझाने** से बचाये। कुछ महत्त्वपूर्ण **दस्तावेज** गुम हो सकते है, जिसके चलते आपको **परेशानी** का सामना करना पडेगा। अपने **कष्टो** एवं **समस्याओं** के निवारण हेतु उपरोक्त दीक्षा अवश्य ग्रहण करें।

**21 से 31 जनवरी तक-** आप किसी **साजिश, षड्यंत्र** के शिकार हो सकते है। आपके हाथों से कोई ऐसा काम हो सकता है, जिससे आपकी **बदनामी, अपयश** व **कलंक** लग सकता है। कानूनी पचड़े में फंस सकते हैं।

**शुभ तिथियां 01,21,23,26**